हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 दिसंबर 2023

04 14 जुआरी पकड़ाए, 7 मोटर साइकिल...



08 विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसानों ने...





### वर्ष 2023 में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 197 लोगों ने हादसों में मौत को गले लगाया

# कहीं जल्दबाजी तो कहीं रफ्तार बनती है सड़क हादसों का कारण

ओवर स्पीड और यातायात नियमों का पालन नहीं करने से जिले में सड़क हादसों के ग्राफ में मामूली वृद्धि हुई है। हालांकि विभाग का कहना है कि लगातार हादसे रोकने जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही कार्रवाई की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जल्दबाजी और रफ्तार सड़क हादसों की सबसे बड़ी वजह मानी गई है। जिले की सड़कों पर रोजाना औसतन तीन लोग जख्मी हो रहे हैं। जनवरी से नवंबर तक बीते 11 माह में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में 742 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। जिसमें 789 लोग घायल और 197 लोग काल के गाल में समा गए हैं। हालांकि गत वर्ष 2022 की तुलना में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में वर्ष 2023 में मामूली कमी आई है, लेकिन यह आंकड़ा भी डराने वाला है। वर्ष 2022 में जिले में जनवरी से नवंबर तक कुल 826 सड़क दुर्घटना हुई थी जिसमें 831 लोग घायल और 199 लोगों ने मौत को गले लगाया था। जबकि वर्ष 2021 में मौतों का आंकड़ा 163 था जो गत वर्ष और चालू वर्ष और चालू वर्ष से कम था। हालांकि वर्ष 2021 में लोग कोरोना से भयभीत थे जिसके कारण सड़कों पर वाहनों की संख्या कम थी।

डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा का कहना है कि सड़क हादसों पर अंकुश लगाने लगातार चालानी कार्रवाई के साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं। इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाता है।



### आंकड़े जनवरी से नवंबर तक

| शीर्ष | वर्ष 2021 | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 |
|---|---|---|---|
| दुर्घटना | 747 | 826 | 742 |
| घायल | 713 | 831 | 789 |
| मृतक | 163 | 199 | 197 |

### इलाज के अभाव में भी चली जाती हैं जान

सड़क हादसों के दौरान घायल मरीजों को लेने एंबुलेंस दौड़ लगाती है लेकिन इलाज में देरी के अभाव में गंभीर मरीजों की जान चली जाती है। कई बार देखने में आता है शाम के समय सबसे अधिक हादसें घटित होते है। हालांकि पुलिस विभाग सड़कों में होने वाली मृत्यु के आंकड़ों को कम करने की वर्ष भर कोशिश करता है। बाबजूद इसके लोग लापरवाही पूर्वक वाहनों को चलाते हैं। जिसका खामियाजा सड़क दुर्घटना के रूप में सामने आता है। जो घायल शख्स के परिजनों के लिए भी जीवनभर का दर्द देकर जाता है। ऐसे में वाहनों को चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। जिससे आप सुरक्षित रह सकते हैं।

### हादसों के मुख्य कारण

- यातायात नियमों की जानकारी का अभाव
- मोबाइल पर बातें करते समय वाहन चलाना
- ओवर स्पीड और जल्दबाजी
- जगह-जगह ब्लैक स्पॉट होना
- नशे की हालत में वाहन चलाना
- वाहनों में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाना
- हेलमेट और सीटबेल्ट नहीं लगाना

### दो इंच के थेगड़े देते हैं वर्क

हाईवे 69 इटारसी से बुदनी पर कुछ समय पहले किया गया बैलेंस वर्क अब लोगों की रीढ़ की हड्डी का बैलेंस बिगाड़ रहा है। बुदनी से इटारसी तक 35 किमी सड़क पर जो थेगड़े लगाएं हैं, उनकी ऊंचाई 2 इंच तक है। ऐसे में हाईवे पर तेज रफ्तार में दौड़ रहे 2 पहिया और 4 पहिया वाहन सवारों को सफर के दौरान जर्क लगता है। जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी का बैलेंस बिगड़ जाता है। स्थानीय नर्मदा अस्पताल सहित भोपाल मरीज रीढ़ की हड्डी का इलाज कराने पहुंचते हैं। क्योंकि उन्हें तकलीफ बनी रहती हैं। वहीं इन ऊंचे नीचे गड्ढों में असमान्य पैंच वर्क का नतीजा यह भी हो रहा है कि वाहन चालकों को वाहनों में टूट-फूट भी हो रही है। चार पहिया वाहन में कमानी पट्टे टूटने से वह भी परेशान है।

## रेत का खेलः पाहनवर्री खदान में पोकलेन से रेत निकालने को लेकर हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को पाहनवर्री और जावली खदान में रेत को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जिसके पीछे मुख्य कारण जावली और पाहनवर्री खदान का सीमांकन विवाद और पोकलेन से रेत भरने का था। इस दौरान पाहनवर्री रेत खदान के मजदूरों द्वारा रेत ठेकेदारों को रेत भरने से रोका गया।

दरअसल मामला उस वक्त गरमा गया जब ठेकेदार पोकलेन मशीन लेकर रेत निकालने पहुंचा। जिससे स्थानीय मजदूरों ने नाराज होकर उनका रास्ता रोक लिया। सरपंच और जनपद सदस्य आशुतोष शरण तिवारी के साथ करीब 100 से अधिक मजदूर विरोध करने पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था



कि पाहनवर्री के किसानों का कहना है कि हमारे रकबे में नदी का बहाव सीधा होने के कारण रेत आ गई है। इस रेत का हमारा अधिकार है और बिना सीमांकन के आप इस रेत को हमारे रकबे में से निकाल रहे हैं जो गलत है। वहीं पाहनवर्री क्षेत्र की रेत खदान की रायल्टी दूसरी ग्राम पंचायत को क्यों मिले। वहीं नाराज ग्रामीणों का कहना था कि रेत खदान में पोकलेन मशीन से रेत निकालने



का नियम नहीं है बाबजूद ठेकेदार स्थानीय मजदूरों की रोजी-रोटी को छीनकर चार पोकलेन मशीनों से रेत निकलवा रहा था। जिसका विरोध हम सभी मजदूरों ने किया। रेत कंपनी के मैनेजर रूपेश पैठे ने बताया कि सीमांकन का विवाद था जो सुलझ गया है।

### बादलों ने गिराया दिन और रात का पारा

नर्मदापुरम। कड़ाके की सर्दी की बीच बादलों के खलल ने मौसम में एक बार फिर परिवर्तन कर दिया है। दिन और रात के तापमान में बढ़त दर्ज हुई है लेकिन शुक्रवार को दिन में सूरज के नहीं तपने और हवा की रफ्तार से सर्दी का एहसास होता रहा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 13.4 डिसे और अधिकतम तापमान 26.3 डिसे दर्ज किया गया। वहीं हिल स्टेशन पचमढ़ी न्यूनतम तापमान 7.4 डिसे व अधिकतम तापमान 25.2 डिसे रिकार्ड हुआ। हालांकि मौसम में आए परिवर्तन का असर लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है। इन दिनों जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 800 मरीज अपना इलाज करवाने पहुंच रहे हैं।

## सुशासन दिवस पर अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 23 व 24 दिसंबर को अवकाश होने से शुक्रवार को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई। कलेक्टरेट में



कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। कमिश्नर कार्यालय में संयुक्त आयुक्त जीसी दोहर द्वारा अधिकारी कर्मचारीयों को शपथ दिलाई गई।

## समेरिटंस स्कूल में 'समुन्नयन एक्सो' में दिखी बच्चों की कल्पनाशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस स्कूल सांदीपनी परिसर मालाखेड़ी में शुक्रवार को दो दिवसीय प्रदर्शनी 'समुन्नयन एक्सो' का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्कूल के प्री प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे मुन्ने बच्चों की कल्पना शीलता की उड़ान देखने को मिली। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, सोलर सिस्टम, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, गुरुकुल शिक्षण पद्धति, यातायात साधन, ऋतु चक्र, सेना के आधुनिक उपकरण सहित गणित के सिद्धांतों, विज्ञान के नियमों, हिन्दी, अंग्रेजी की व्याकरण संबंधी नियमों पर आधारित एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए। इनमें कुछ वर्किंग मॉडल हैं तो कुछ डिस्प्ले मॉडल हैं। मॉडल निर्माण में बच्चों की कल्पनाशीलता के साथ ही उनकी रचनाधर्मिता भी उभरकर सामने आई। मॉडलों के निर्माण में शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अभिभावकों का भी योगदान रहा। शुभारंभ अवसर पर स्कूल में करीब 500 मॉडल प्रस्तुत किए गए। अतिथियों ने एक-एक मॉडल का



बारीकी से अवलोकन करने के साथ ही बच्चों से उसके बारे में चर्चा की। बच्चों ने मॉडल की वर्किंग के बारे में अतिथियों को विस्तार से बताया।

'समुन्नयन एक्सो' का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर अतिथि शासकीय विद्यालय देशमोहनी के प्राचार्य राजेश जायसवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा उभरकर सामने आती है। उनका बौद्धिक विकास होता है और जिज्ञासु प्रवृति बढ़ती है। इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने देखा है कि यहां के छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही उत्कृष्ट मॉडल बनाए हैं। ये बच्चे आगे चलकर निश्चित ही देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री शालिनी वर्मा, रूपेंद्र ने भी उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

इसके पूर्व विद्यालय के संचालन समिति के चेयरमेन अधिवक्ता प्रशांत हर्णे, डॉयरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, आरके सिंह, विक्रांत खम्परिया, आरके रघुवंशी आदि ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रदर्शन में शनिवार को माध्यमिक और हाईस्कूल के बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

## 'सरकार संसद की गरिमा और मर्यादा खत्म करने पर तुली है'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कांग्रेस के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर कांग्रेस द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा जनता से चुने हुए सांसदों का निलंबन लोकतंत्र का गला घोटने के समान है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे के नेतृत्व में जिलेभर से कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल के सामने महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री विजय दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार संसद की गरिमा और मर्यादा खत्म करने पर तुली है।

पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने कहा अंग्रेजों से लड़कर हमारे स्वतंत्रता सेनानी और महापुरुषों ने देश को आज़ाद करा कर जनता के हित में कार्य करने विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र जनता के कल्याण और उनके विकास के लिए संविधान लाए थे पर केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए संविधान कों तार तार कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे गुड्डन ने कहा नए सांसद भवन में सुरक्षा चूक और दो युवा सदन में घुसकर हंगामा किया।

जिससे देश में सुरक्षा की बाते करने वाली सरकार देश की सांसद की सुरक्षा तक में गंभीर नहीं है और अपनी कमज़ोरी को छुपाकर जनता को गुमराह कर रही है और सांसद ने इस घटना पर उत्तर ना देकर सांसदों का निलंबन कर रही है, जिला कांग्रेस संगठन मंत्री मधु सुदन यादव ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

## 13472 बच्चों की जांच, 2542 का होगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के स्कूली बच्चों के दंत परीक्षण के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर जिला चिकित्सालय और रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विभिन्न शासकीय और निजी स्कूलों में दंत परीक्षण कैंप आयोजित किए जा रहें हैं। इन परीक्षण शिविरों के दौरान अभी तक 29 स्कूलों के बच्चों के 13472 बच्चों की दंत विशेषज्ञ द्वारा जांच की गई। जिसमें कुल 2542 बच्चे जिन्हें उपचार के लिए चिन्हित किया गया। शुक्रवार को एसएनजी स्कूल नर्मदापुरम में आयोजित कैंप का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय और रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। कैंप में दंत विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा बच्चों के दांतो की जांच के साथ ही उन्हें उचित ब्रशिंग तकनीक, खाने के पैटर्न, भोजन के विकल्प, दांतों को रोजाना दो बार साफ करने, दांतों को हमेशा 2 से 3 मिनट तक ब्रश करने, अपने टूथब्रश को हर तीन माह में बदलने, टूथब्रश को साफ रखने और सुखी जगह में रखने, टूथब्रश को साफ रखना चाहिए।

## वीडियो में कैद हुआ टाइगर जंगली शूकर का शिकार करते

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र से एक रोमांचित करने वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें एक टाइगर जंगली शूकर का शिकार करता हुआ दिखाई दे रहा है। जंगल सफारी के दौरान पहुंचे पर्यटकों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना रेंज का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक बाघ जंगली सूअर



का शिकार करता हुआ। दिखाई दे रहा है। इन दिनों जंगल सफारी के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंच रहे पर्यटकों को अद्भुत एवं रोमांचित करने वाले नजारे वन्य प्राणियों के देखने को मिल रहे हैं।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ

नर्मदापुरम। नर्मदा कॉलेज के गणित एवं कंप्यूटर साइंस विभाग के तत्वावधान में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री निवास रामानुजन के जीवन पर आधारित लघु फिल्म थी, जिसे प्राध्यापकों के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा कालेज में ही निर्मित किया, साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। जिसमें रितिका मांझी प्रथम, छवि मेषकर द्वितीय तथा गुंजन यादव तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि गणित हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है फॉर्मूलों पर आधारित इस विषय में डिग्री करियर विकल्पों की एक बड़ी श्रृंखला तैयार करती है।

### व्यवस्था सुधारने निकला संयुक्त अमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की बेपटरी यातायात व्यवस्था और बाजार व्यवस्था को सुधारने यातायात पुलिस के साथ नगर पालिका का अमला सड़कों पर उतरा। यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि अव्यवस्थित खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई के अलावा दुकानों के बाहर रखा हुआ सामान भी जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। जिससे शहर का बाजार व्यवस्थित हो जाए। जो लोग बेतरतीब कहीं भी वाहनों की पार्किंग कर देते हैं जिससे यातायात जाम होते हैं। ऐसे वाहन चालकों पर भी जुर्मानें की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### गीता जयंती महोत्सव का द्वितीय दिवस...

## 'गीता समस्त शास्त्रों का निचोड़ है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेठानीघाट तिलक भवन में आयोजित गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत त्रिदिवसीय ज्ञानसत्र के द्वितीय दिवस में श्रीमदभगवद्गीता पर प्रवचन हेतु ऋषिकेश से आए महामंडलेश्वर श्री स्वामी अभिषेक चैतन्य गिरि जी महाराज ने केंद्रीय विषय श्रीमदभगवद्गीता और जीवन मुक्ति पर प्रवचन करते हुए कहा कि मां नर्मदा की कृपा से हम सब यहां एकत्रित होकर गीता प्राकट्य महोत्सव मना रहे हैं , क्या गीता मोक्ष प्रधान ग्रंथ है ? अथवा धर्म अर्थ काम की महत्ता है? पूज्य स्वामी जी ने कहा कि अर्थ और काम की अभिलाषा पशुओं में भी होती है, अर्थ में वह सब कुछ समाहित है जिससे व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित समझता है, शरीर संबंधों धन को सुरक्षित करने के साथ-साथ सत्ता पद प्रतिष्ठा सब कुछ सुरक्षित करने का प्रयास भी मनुष्य करता है। यह सब कुछ अर्थ और काम पुरुषार्थ में समाहित है ,अर्जुन भगवान से कहते हैं त्रिलोक में कोई भी मेरे दुख को नहीं मिटा सकता आपके सिवाय,





सर्वोपनिषदों गावोदोग्धा गोपानन्दनः गीता समस्त शास्त्रों का निचोड़ है, जिसे भगवान कृष्ण ने सबके लिए सुलभ किया है।

आपने अपने प्रवचन में गीता के दूसरे अध्याय से स्थितप्रज्ञ एवं गीता के 12वें अध्याय से भक्त के लक्षणों के विस्तार से व्याख्या की उपनिषद रूपी गाय का दुग्ध पार्थ अर्थात अर्जुन रूपी बछड़े के लिए सुलभ करने का यह अद्भुत ग्रंथ है। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य स्वामी जी द्वारा गीत गायक भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में भवानीशंकर शर्मा, गिरिजाशंकर शर्मा, महंत प्रताप महाराज, सुरेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बालकृष्ण शर्मा, महेंद्र चौकसे सहित श्रद्धालु उपस्थित हुए कार्यक्रम की प्रारंभ में ऋषि कुल की संस्था के छात्रों द्वारा गीता पाठ किया गया भजनाञ्जली में ऋत्विक राजपूत द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई संगत आदित्य परसाई एवं उत्कर्ष ने की।

### खाद्य लाइसेंस के लिए विशेष शिविर का आयोजन

नर्मदापुरम। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शुक्रवार को नपा पिपरिया एवं नपा बाबई में मांस, मछली, अंडा एवं अन्य खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खाद्य लाइसेंस के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें पिपरिया क्षेत्र में लगभग 48 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें नपा द्वारा 19 अनापत्ति प्रमाण पत्र मांस मछली अंडा विक्रेताओं को जारी कर लाइसेंस आवेदन करवाए गए। इसी प्रकार बाबई नगर पालिका में आयोजित कैंप में लगभग 35 अनापत्ति मांस मछली अंडा विक्रेताओं को जारी की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवम जितेंद्र सिंह राणा द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन आवेदनों की स्क्रूटनी कर तुरंत लाइसेंस जारी किए जा रहे है इसके अतिरिक्त साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। 23 दिसंबर को बनखेड़ी में उक्तानुसार नपा परिसर में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

## संकल्प यात्रा के दौरान हितलाभ वितरण किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद नर्मदापुरम के ग्राम कुलामढ़ी में संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक नर्मदापुरम डॉ सीरासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विधायक डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा नेता पीयूष शर्मा , जनपद सीईओ हेमंत सुत्रकार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कुलामडी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्टॉफ की कमी

**शाहपुर।** ब्लाक मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों नर्सिंग स्टाफ समेत अन्य कर्मचारियों की कमी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्सिंग स्टाफ, ड्रेसर की कमी के चलते इमरजेंसी में असुविधा हो रही है। शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नर्स के 6 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में यहां 4 स्टाफ नर्स सेवाएं दे रही हैं। कई बार एक्सीडेंट वाले और डिलेवरी केस एक साथ आ जाते हैं। ऐसे में घायलों की मलहम-पट्टी और प्राथमिक उपचार ड्यूटी डॉक्टर को ही करना पड़ता है। एक से अधिक घायल होने पर बड़ी समस्या हो जाती है। भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन करीब 5 करोड रुपए में बनकर तो तैयार हो गया है परंतु यहां पर स्टाफ की कमी अभी भी बनी हुई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मैनेजमेंट भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपए का जनरेटर कबाड़ होकर पड़ा हुआ है लाइट गोल होने पर जनरेटर का उपयोग भी नहीं हो पा रहा है। 2 वर्ष से ड्रेसर की कमी भी इस स्वास्थ्य केंद्र में बनी हुई है। जब पुराना अस्पताल था तो ड्रेसर की सुविधा उपलब्ध थी, परंतु अब नया भवन बनने के बाद दो वर्ष से यहां ड्रेसर का पद भी खाली है। जिला मंत्री ने यह भी कहा कि अगर बैतूल जिले में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का दौरा होता है तो उन्हें इस समस्या से अवगत कराकर इसका समाधान निकाला जाएगा।

### शाहपुर बायपास पर टक्कर से एक की मौत

**शाहपुर।** नेशनल हाईवे पर लगातार दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। बैतूल से लेकर भोपाल तक बन रहे नेशनल हाईवे में लेट-लतीफी के चलते लोगों को अपनी जान गवाना पड़ रही है। शाहपुर ब्लॉक मुख्यालय के बायपास पर अधूरे निर्माण के कारण दिनों दिन दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। देर रात शाहपुर बायपास पर दो गाड़ियों की भिड़त हो जाने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई वहीं एक घायल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर से मिली जानकारी के अनुसार देर रात शाहपुर बायपास पर दो वाहनों की टक्कर हो गई जिसमें मनोज उइके उम्र 25 वर्ष निवासी मंडीदीप की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई जबकि आकाश सिसोदिया को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर से मंडीदीप की ओर जा रहा छोटा हाथी शाहपुर बायपास पर बीएसएनएल ऑफिस के पीछे दूसरी ओर से आ रहे पिकअप वाहन से टकरा गया हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वाहन दो टुकड़ों में तब्दील हो गई छोटा हाथी में सवार मंडीदीप निवासी मनोज उइके की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसी में बैठा आकाश सिसोदिया घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही शाहपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं देर रात में पुलिस के द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक कल

**बैतूल।** मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की बैठक कल रविवार कर्मचारी भवन में दोपहर 2 बजे से आयोजित की गई है। संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश चौहान ने बताया कि बैठक में जिला शाखा गठन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और लिपिक कर्मचारियों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**बैतूल।** सुबह की सैर पर निकले बुजुर्ग का शुक्रवार की सुबह तालाब किनारे पेड़ पर लटका शव मिला। मामला बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के बयावाडी गांव का है। बैतूल बाजार पुलिस ने जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। ग्राम बयावाडी बैतूल बाजार निवासी मंगल धुर्वे शुक्रवार सुबह 7 बजे घर से घूमने निकले थे। काफी देर तक वह घर नहीं आए तो परिजनों ने उनकी तलाश की। बुजुर्ग तालाब के पास पेड़ से लटके मिले।

---

पुलिस ने घेराबंदी कर रावण देव जंगल से आरोपियों को पकड़ा

# 14 जुआरी पकड़ाए, 7 मोटर साइकिल, 3 स्कूटी और फोरव्हीलर और 43 हजार नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



थाना अंतर्गत अवैध गतिविधियों की शिकायत लगातार पुलिस अधीक्षक को मिल रही थी जिसे उन्हें गंभीरता से लेते हुए बैतूल सहित आसपास की टीम को सारनी थाने के अंतर्गत रावण देव के जंगल में अवैध रूप से जुआ खेले जाने की सूचना मूकबीर के माध्यम से मिलने पर घेराबंदी करके छापामारी करने का कार्य किया है। जहां पर 43 हजार 200 नगद 14 आरोपी,सात मोटरसाइकिल, तीन स्कूटी, एक फोर व्हीलर और 12 मोबाइल जप्त करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी के खिलाफ 13 जुवा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें मुचल के पर छोड़ दिया है।सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि गुरुवार की रात में मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुई की रावण देव मंदिर के जंगल में सलैया गांव के सामने कुछ लोग हार जीत का दाव लगाकर ताश के 52 पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी,एसडीओपी सारनी रोशन जैन के निर्देशन में जिले से प्राप्त पुलिस बल एवं थाना सारनी पुलिस बल की एक संयुक्त टीम गठित की गई।

### यहां खेला जा रहा था हार-जीत का खेल

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताएं स्थान रावण देव मंदिर के जंगल में दबिश दी गई।जहाँ जंगल मे पेड के नीचे इमरजेन्सी लाईट के उजाले मे कुछ लोग ताश के पत्तो से रूपये पैसे का दाव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे थे। जिन्हे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया है। कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए हैं। पुलिस के द्वारा घेराबंदी करके जुआ खेलने वाले आरोपियों को पकड़ा गया है जिसमें रमेश उर्फ बबुआ पिता मोतीलाल कुशवाह उम्र 42 साल निवासी राजीव चौक तिगड्डा पाथाखेडा,अनिल पिता गोरखू चौकीकर उम्र 55 साल निवासी विडियो चौक घोडाडोंगरी,राजू पिता सूखा मर्सकोले उम्र 35 साल निवासी ग्राम डुलारा,श्याम पिता नरेन्द्र प्रजापति उम्र 31 साल निवासी खंजनपुर बैतूल, फिरोज पिता बाबू खान उम्र 31 साल निवासी कैलाश नगर शोभापुर,सुभाष पिता चिन्धया हिनोते उम्र 46 साल निवासी टिकारी वार्ड बैतूल,विक्की पिता डोरीलाल बारसे उम्र 29 साल निवासी नया जामुनडोल थाना केसला,महेश पिता लल्लू रावत उम्र 35 साल निवासी छतरपुर चौक बगडोना,संतोष पिता धनराज चौकीकर उम्र 42 साल निवासी घोडाडोंगरी,अमित पिता रामेश्वर खंडेलवाल उम्र 36 साल निवासी भौरा शाहपुर,संदेश पिता किशोर अहिरवार उम्र 30 साल निवासी सुभाष नगर पाथाखेडा,दुर्गेश पिता दीनदयाल पवार उम्र 35 साल निवासी ग्राम सलैया,ईमाम शेख पिता अहमद शेख उम्र 36 साल निवासी भौरा शाहपुर,राहुल पिता गुरदेव चौहान उम्र 29 साल निवासी माता मौहल्ला भौरा शाहपुर को पकड़ा है। इन सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की कार्रवाई करते हुए इन्हें मुचलके पर छोड़ने का कार्य किया गया है।

---

योग वेदांत सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

## गीता को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने की मांग की गई



**बैतूल।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में श्री राधाकृष्ण मंदिर बैतूल गंज में शुक्रवार को मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही गीता जी को राष्ट्रीय ग्रंथ का दर्जा दिलाने के लिए कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस को महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम अंतर्गत श्री राधाकृष्ण मंदिर गंज में पंडित अनंतराम तिवारी द्वारा श्री योग वेदांत सेवा समिति के संरक्षक राजेश मदान से श्रीमदभगवद गीता का विधिवत पूजन करवाया गया। श्री मदान ने गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने जिस दिन अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था उसे गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है यह मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी को मनाई जाती है और इस दिन विधिपूर्वक भगवान श्रीहरि का पूजन व उपवास करने पर हर तरह के मोह से मोक्ष मिलता है इसलिए इसका नाम मोक्षदा एकादशी रखा गया है। उन्होने कहा कि पूज्य संत श्री आशाराम जी बापू ने भी अपने गीता संदेश में कहा है कि भगवत गीता के दिव्य ज्ञान से साहस, हिम्मत, समता, सहजता, स्नेह, शांति और धर्म आदि दैवी गुण विकसित हो उठते है अधर्म और शोषण का मुकाबला करने का सामर्थ्य आ जाता है। इसलिए प्रत्येक युवा को गीता के श्लोक कंठस्थ करने चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है कि गीता जी के श्लोकों और संदेशों को जीवन में आत्मसात करने के लिए इसे राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित कर विद्यालयों और महाविद्यालयों में अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में महिला मंडल द्वारा भी गीता जी का पूजन किया गया। आयोजन में समिति संरक्षक राजेश मदान के साथ अनूप मालवीय, रोहित मिश्रा, किशोरीलाल झरबड़े, राजीव रंजन झा, महिला उत्थान मंडल बैतूल की अध्यक्ष श्रीमती रूपा विश्वकर्मा, शोभा चंदेल, संध्या सोनी, लता झपाटे, अनिता मानकर सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए।

---

## उपचुनाव में भाजपा से बेबी मनोज ठाकुर ने भरा नामांकन, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे उपस्थित

वार्ड क्रमांक-14 में कराए जा रहे हैं पार्षद पद के उप चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

वार्ड क्रमांक 14 में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद मनोज ठाकुर के असामयिक निधन के उपरांत प्रस्तावित पार्षद पद के उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से बेबी मनोज ठाकुर द्वारा अपना नामांकन पत्र शुक्रवार को जमा किया गया। भाजपा के मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे ने बताया की जिला नेतृत्व के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम,जिला महामंत्री कमलेश सिंह,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के प्रदेश सह संयोजक रजीत सिंह,नपाध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार,नपा सांसद प्रतीनिधी रविन्द्र पान्से, जी पी सिंह के नेतत्व में बड़ी संख्या में वार्ड वासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा मंडल कार्यालय सारनी से रैली निकालकर नपा कार्यालय में नामांकन पत्र जमा किया।इस अवसर पर बेबी मनोज ठाकुर द्वारा कहा की मेरी पति मनोज ठाकुर द्वारा वार्ड में कई विकास कार्य किये है वर्तमान मे नगर पालिका में भाजपा की परिषद है प्रदेश व केन्द्र में भाजपा की सरकार है मै मेरी वार्ड वासियों के आशीर्वाद के साथ वार्ड के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करूगी। नामांकन रैली में बड़ी संख्या वार्ड वाशियो के साथ भाजपा कार्य कर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ.गणेश पाल,पप्पू मानकर,दिलीप विश्वकर्मा, मुकेश जयसवाल, अमीत अग्रवाल,श्रीपद सिंग, राकेश बारगे,राजकुमार साकरे,बिज्जू बानखेड़े, राकेश रघुवंशी,नितेश सोनी,विशाल सिह,देवेन्द्र पवार,संपत पवार,निशी सिह,सुनंदा पाटिल,सरोज विश्वकर्मा, पूनम शुक्ला,सपना विश्वकर्मा,कान्ता उइके, पूजा पवार,राहूल ठाकूर, सुरज वर्मा,आकाश वर्मा,दिपक भूमरकर, आशिष बोरा,राकेश प्रसाद,मंजीत सिह दिवाकर ठाकूर,शिबू सिह,विनय मदने, रेवाशंकर मगरदे,रविन्द्र देशमुख,बंटी अग्रवाल, प्रकाश डेहरिया,परमेश्वर नागले,धमेन्द्र सिह आदि मौजूद थे।



---

किराए के मकान में रहता था मृतक, पुलिस कर रही मौत के कारण का पता

## कामथ में लटका मिला इंदौर के बिजली ठेकेदार का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के समीप ग्राम पंचायत कामथ में बालाजी सर्विसिंग सेंटर के पीछे शुक्रवार सुबह बिजली ठेकेदार का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। इस संबंध में बालाजी सर्विसिंग सेंटर के पीछे रहने वाले सतीश बारंगे ने डायल हंड्रेड पर सूचना देकर बताया कि उनके घर रहने वाले किराएदार नवनीत गुर्जर उनके कमरे में फंदे पर लटके हुए है। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी। सतीश बारंगे की मां ने बताया कि जनवरी से नवनीत गुर्जर और वासुदेव विश्वकर्मा दोनों किराए से उनके घर ऊपर वाले ब्लॉक में रह रहे थे। आज सुबह भी करीब 8:30 बजे पीने के पानी की गुंडी देने के लिए नवनीत गुर्जर नीचे उतरा था। जिसके करीब 1 घंटे बाद मकान मालकिन ऊपर कमरे में पहुंची तो उसे नवनीत गुर्जर का शव फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया। वह उसे फंदे पर लटका हुआ देख कर घबरा गई। उन्होंने तत्काल अपने पुत्र सतीश बारंगे को जानकारी दी और उन्होंने डायल हंड्रेड को सूचना देकर बुलवाया। नवनीत गुर्जर का शव लटके मिलने की सूचना उनके साथ काम करने वाले सुपरवाइजर वासुदेव विश्वकर्मा को लगी, वह भी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि वे दोनों साथ में ही रहते थे, लेकिन 2 दिन पहले कुछ काम से वे उनके गांव सिलादेही गए हुए थे। बताया जा रहा है कि नवनीत पिता अशोक गुर्जर निवासी चारखेड़ा हरदा टिमरनी पिछले 2006 से मुलताई क्षेत्र में बिजली के ट्रांसफॉर्मर लगाने में ठेकेदारी का काम कर रहे थे। विभिन्न कॉलोनीयो और प्लांटो पर उनके द्वारा ट्रांसफार्मर लगाएजा चुके हैं। फिलहाल उनका परिवार इंदौर में रहता है, उनकी शादी हो चुकी थी, लेकिन काम के चलते वे यहां अपने सुपरवाइजर के साथ रहते थे। फिलहाल उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाकर सरकारी अस्पताल भिजवा रही है, जहा उसके परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।



---

## 9 यात्री उमरा के लिए रवाना, नाके पर यात्रियों का किया इस्तकबाल





**मुलताई।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार इरशाद हिंदुस्तानी और उनके परिवार सहित 9 लोगों का काफिला बैतूल से मक्का मदीना की जारत उमरा के लिए रवाना हुआ। बैतूल से नागपुर जाते हुए मुलताई नाका नंबर एक पर उमरा की पवित्र यात्रा पर निकले इन सभी यात्रियों का नगर वासियों ने खुशबू लगाकर और फूलों से इस्तकबाल किया और उनके मक्का मदीना सफर की मुश्किलों को दूर करने की दुआएं मांग कर उमरा यात्रियों से दुआओं में याद रखने की दरखास्त की। 17 दिनों की इस उमरा यात्रा पे निकले यात्रियों में इरशाद हिंदुस्तानी, नुसरत सुलताना, मोहम्मद अमान ,हमीदा बानो ,सलीम खान ,यासमीन शाहिद आदि शामिल है। यह यात्री बैतूल से मुलताई होते हुए नागपुर पहुंचेंगे जहां से प्लेन के माध्यम से पवित्र 17 दिनों की उमारा यात्रा के लिए रवाना होंगे।

### 8 दिन मक्का और 7 दिन गुजारेंगे मदीना में

हाजी शमीम खान ने इस यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हज के अलावा यह उमरा कभी भी किया जा सकता है इसमें यात्री आठ दिन मक्का में इबादत करते हैं और 7 दिन मदीना में गुजारते हैं यह यात्री नागपुर से फ्लाइट के माध्यम से करब देश मे स्थित जद्दा जो कि विश्व का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है यहां पहुंचेंगे और यहीं से इस पवित्र यात्रा का प्रारंभ होगा। उम्र यात्रियों का इस्तकबाल करने वालों में हाजी समीम खान, पत्रकार पासा खान, हसन शाह, बाबु पठान ,वाहिद पठान, समीर भाई, वहीद भाई ,मुन्ना भाई, मोहम्मद ओवैस शामिल है।

---

सारनी नपा क्षेत्र में स्वच्छता से समझौता क्यों

## सात वार्डों को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण जल्द हो: डॉ. कृष्णा मोदी

**सारनी।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के सात वार्डो को जोड़ने वाले मार्ग को खोदकर छोड़ दिया गया है। जिससे आवा गमन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं लगातार उड़ रहे डस्ट की वजह से व्यापारियों में अस्थमा जैसे गंभीर बीमारी की संभावना भी उत्पन्न हो रही है। यह बात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉक्टर कृष्ण मोदी ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा है।उन्होंने कहा कि वही क्षेत्र में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए पाइप लाइन बिछा दिया गया है।लेकिन घरों में कनेक्शन आजतक नही दिया गया है।आवेदन दो तो कहते है कि आवेदन की जरूरत नही है।नल जल योजना के तहत आपके घरों में जल्द ही नल लग जायेगा।6 इंची पाइप लगाने के लिए जो सड़क की खुदाई की गई थी उसकी मरम्मत भी आजतक नही हो पाया है।जिससे कई दुर्घटनाएं हो कर नागरिकों को अस्पताल की सेवा में जाना पड़ा है।जिस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ कृष्णा मोदी के कहा की यदि नगर पालिका अधिकारी एक बार अपने साधन(कार)से भ्रमण करते तो मालूम हो जाता है कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी नगर के प्रति कितना ध्यान देते है।शायद नगर में जो निरक्षण अधिकारी है उन्होंने नगरपालिका अधिकारी को अपनी रिपोर्ट दी होगी लेकिन अभी तक वह फुटपाथ नजर नहीं आ रही है। जिस पर नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं।





---

## भारत विकास परिषद की शीतकालीन बैठक संपन्न



**बैतूल।** भारत विकास परिषद की शाखा बैतूल की शीतकालीन बैठक संपन्न हुई। जिसमें परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री राजुल अग्रवाल, शाखा के संरक्षक राजीव खंडेलवाल, अध्यक्ष दिनेश महस्की, सचिव आशीष पचौरी, महिला प्रमुख सुश्री तूलिका पचौरी एवं बड़ी संख्या में शाखा के सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य 13-14 जनवरी को इंदौर में होने वाले क्षेत्रीय अधिवेशन में शाखा से शामिल होने वाले सदस्यों की सूची तैयार करना और पंजीयन प्रक्रिया से अवगत कराना था। साथ ही बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए निर्णय लिया गया कि ग्राम गुड़ी एवं बैतूल के स्लम एरिया, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेंड के आस पास में रविवार को शाखा के सदस्यों के द्वारा गर्म कपड़े एवं कंबल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती साक्षी शर्मा के द्वारा गए मधुर गीत, देश हमें देता है सब कुछ से की गई। राजुल अग्रवाल ने परिषद के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराया। संरक्षक राजीव खंडेलवाल ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए रूपरेखा प्रस्तुत की। अंत में सचिव आशीष पचौरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.गोवर्धन राठी, हेमा सिंह चौहान, दीपा मालवी, कृष्णा अमरूते, वंदना बंजारे, दीपाली पांडे, कुमारी तनु महोबे आदि मौजूद थे।

---

## शीत लहर: जन सहयोग से जलाए अलाव

**भौंरा।** उत्तर भारत से आ रही शीत लहर ने मौसम में ठंडक घोल दी है। पिछले चार दिनों से रात्रि में ठंड बढ़ गई है। लोगों ने अपने बचाव के लिए जगह-जगह अलाव जला लिए है। वहीं कुछ लोग इन्हें सहयोग भी कर रहे है। ग्राम पंचायत ने अभी तक लोगों को ठंड से बचाने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाए है। जबकि पिछले साल हाट बाजार में बने शेड में सो रही एक महिला की ठंड में मौत हो गई थी। नगर में बसस्टैंड के पास, राधा कृष्ण मन्दिर के पास, सीमेंट रोड, पटेल कालोनी सहित अन्य जगह पर नागरिकों ने राहगिरों एवं बाहर गांव से आने वाले लोगों के लिए ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाना शुरु कर दिया है। नगर के संतोष कहार, मनीष सराठे ने बताया कि शाम होते ही मौसम एक दम ठंडा हो जाता है। ठंड इतनी है कि कंपकंपी छुट रही है। ऐसे में अलाव जलाने से लोगों को थोड़ी सी गर्माहट आ जाती है। नगर में रेन बसेरा नही होने की वजह से कई बार बाहर गांव से आने वाले लोगों को रुकने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लोगों को मन्दिर या अन्य जगह पर मजबूरी में रात गुजारना पड़ता है। ठंड को देखते हुए नगर के अशोक दुबे, अशोक जायसवाल सहित अन्य लोगों ने अलाव के लिए लकड़ी की जुगाड़ लगाई है। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा शनिवार रात से नगर में लोगों के लिए अलाव जलाना शुरू किया जाएगा।

### ध्यान रखा जाएगा

नगर में शनिवार रात से ग्राम पंचायत के द्वारा अलाव जलाने की तेयारी की गई है। लोगों को ठंड में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

**राजेश उइके,** सचिव ग्राम पंचायत भौंरा।

---

नए अतिक्रमण की वजह से पुराने लोगों को हो रही है परेशानी

## रोजी-रोटी बचाने विधायक के नाम नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्यपालन अधिकारी सिविल के माध्यम से अतिक्रमण करके दुकान संचालित करने वाले जय स्तंभ चौक के सभी व्यापारियों को नोटिस देकर 3 दिन में भूमि खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर शुक्रवार को जय स्तंभ चौक के सभी व्यापारियों के माध्यम से सामूहिक रूप से एकत्रित होकर आमला विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे के नाम नगर पालिका परिषद अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रजीत सिंह को ज्ञापन देकर उनकी अस्थाई दुकानों को तोड़ने से बचने की गुहार लगाई है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ लोगों के माध्यम से नया अतिक्रमण करके मुख्य सड़क के किनारे दुकान खड़ी कर ली गई है जिसकी वजह से 20 से 25 वर्षों से जय स्तंभ चौक के आसपास दुकान संचालित करके अपना घर परिवार चलाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। होटल का दुकान संचालित करने वाले मनीराम राम गुप्ता,बसंत सोनी ने बताया कि उनके माध्यम से पिछले 20 वर्षों से यहां पर अस्थाई दुकान लगाकर अपना घर परिवार संचालित करने का काम करते हैं। ऐसे में अचानक मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग एवं सुरक्षा विभाग के आल्हा अधिकारियों के माध्यम से तीन दिन में दुकान खाली करने का फरमान यदि जारी करेंगे तो हम गरीब घर परिवार कैसे संचालित करेंगे ऐसी स्थिति को देखते हुए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष के समक्ष लिखित ज्ञापन देकर अस्थाई अतिक्रमण को तोड़ने से रोके जाने की मांग की है असीम रावत, योगेंद्र देशमुख,राजू मोरले ने बताया कि अचानक यदि यह स्तंभ चौक से दुकान हटा दी जाएगी तो हमारे सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा ऐसी स्थिति में सड़क के आसपास जो दुकान मुख्य मार्ग पर फैल गई है उन दुकानों को छोटा करने का कार्य व्यापारियों के माध्यम से किया जाएगा।



### एबी टाइप और कांग्रेसी नेता की दुकान भी रही चर्चा में

क्षेत्र के सामाजिक सरोकार और कई कलम कारों के माध्यम से लिखने का कार्य किया गया कि छोटो पर जुलम और बड़ों पर मेहरबानी करने का कार्य किया जाता है। एबीटाइप के एक व्यापारी के माध्यम से मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की एक एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। वहीं कांग्रेस के एक नेता के माध्यम से तृप्ति लाज के नाम पर लगभग आधा एकड़ जमीन पर अतिक्रमण करके आलीशान होटल का संचालन किया जा रहा है और उनकी कई बार शिकायत और समाचार प्रकाशित की जा चुकी है लेकिन मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग और सुरक्षा विभाग के माध्यम से इन पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### चर्चा की जाएगी

लंबे समय से जो व्यापारी अपनी दुकानें संचालित करके घर परिवार चला रहे हैं उन्हें परेशान न करने के लिए सुरक्षा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता से चर्चा की जाएगी कुछ लोगों के माध्यम से नया अतिक्रमण किया गया है जिसकी वजह से यह सब परेशानी हो रही है इसको लेकर विधायक की उपस्थिति में मुख्य अभियंता और एमडी से चर्चा की जाएगी।

**किशोर बरदे** नगर पालिका अध्यक्ष सारनी

### पहल की जाएगी

अस्थाई रूप से पाल तिरपाल लगाकर अपनी रोजी-रोटी संचालित करने का काम व्यापारिक कर रहे हैं। उनकी दुकान न तोड़ी जाए ना हटाई जाए इसको लेकर मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता से विधायक को साथ में लेकर जल्द मुलाकात की जाएगी रोजगार के संसाधन उपलब्ध नहीं है ऐसे में लंबे समय से दुकान चलाने वाले की दुकान न तोड़ी जाए इस पर पहल की जाएगी।

**रजीत सिंह** झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक

### प्रशासन ने तोड़ा योगेश हत्याकांड के तीन आरोपियों का अवैध निर्माण

# विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के निर्देश पर हत्यारों के घर चला जेसीबी का पंजा

**हत्याकांड के तीन आरोपियों के अवैध निर्माण को शुक्रवार की शाम प्रशासन ने तुड़वा दिया। दरअसल कार्रवाई विधायक डॉ शर्मा के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने की।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

योगेश मेहरा हत्याकांड के तीन आरोपियों के अवैध निर्माण पर आखिरकार शुक्रवार को प्रशासन की जेसीबी का पंजा चला। प्रशासनिक अमले ने आरोपियों के अवैध निर्माणों को ढहा कर नेस्तोनाबूत कर दिया। इस दौरान एसडीएम नीता कोरी, सीएमओ रितु मेहरा, टीआई गौरव बुंदेला सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। हालांकि यह पूरी कार्रवाई क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के हस्तक्षेप के बाद हुई। दरअसल शुक्रवार सुबह योगेश मेहरा हत्याकांड के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग लेकर योगेश के परिजनों ने विधायक डॉ. शर्मा से मुलाकात कर आवेदन दिया था। विधायक डॉ.शर्मा ने तत्काल एसडीएम और टीआई से भी इस मामले बात की और कार्रवाई करने को कहा नतीजतन शाम को प्रशासन ने कार्रवाई कर दी। नाला मोहल्ला में योगेश मेहरा हत्याकांड के आरोपियों शिब्बु उर्फ शुभम, टीपू सुलतान और रहीम उर्फ पोटा के मकानों के अवैध हिस्से शुक्रवार शाम प्रशासन ने जेसीबी और पुलिस बल के साथ जाकर तोड़ दिये। हत्याकांड के चौथे आरोपी नईम का घर हरदा में है इसलिए उसे छोड़कर इटारसी में रहने वाले तीन अन्य आरोपियों के अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई है। प्रशासन की कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में मोहल्ले के लोग एकत्र हो गये थे। शाम को जेसीबी के साथ आधा दर्जन वाहनों के साथ प्रशासनिक अमला नाला मोहल्ला पहुंचा और कार्रवाई प्रारंभ की। जेसीबी से सिर्फ उतना ही हिस्सा तोड़ा गया जो अवैध था। प्रशासन की यह कार्रवाई केवल 45 मिनट चली और तीन मकानों के सामने का हिस्सा जो अवैध था, वह ढहा दिया गया।

#### विधायक का वादा अपराध मुक्त इटारसी

बता दें कि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में अपराधियों के खात्मे के लिए हमेशा प्रयास किये और इस विधानसभा चुनाव में भी उनके वादों में अपराधियों का खात्मा और उनकी पर सख्त कार्रवाई प्रमुख वादा था। वे हमेशा ही कहते रहे हैं कि उनके क्षेत्र से अपराधी या तो कहीं चले जाएं या फिर उनकी जगह जेल में होगी। उल्लेखनीय है कि योगेश के हत्यारों को फांसी देने और उनका अवैध कब्जे में बना मकान तोडने की मांग लेकर सोमवार को मेहरा समाज के लोगों के साथ नाला मोहल्ला की जनता ने जयस्तंभ चौक और पुलिस थाना परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था। पुलिस योगेश हत्याकांड के चारों आरोपियों को घटना वाली रात को ही हिरासत में ले चुकी थी और अब उनको जेल भी भेजा जा चुका है।

# मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी मांस मछली बिक्री पर नहीं लग रही रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



प्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पहली बैठक में निर्देश दिए थे कि खुले में मांस बिक्री नहीं की जाएगी तथा निर्धारित मापदंडों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने को लेकर घोषणा की गई थी। लेकिन पिपरिया विकासखंड की ग्राम पंचायत सांडिया में मां नर्मदा के किनारे पर खुलेआम मांस, मछली खुलेआम बेची जा रही है और निर्धारित मापदंडों के आधार पर प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सांडिया ग्राम पंचायत में मां नर्मदा का बड़ा घाट होने के आसपास के श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान करने आते हैं।

परंतु खुले में मांस, मछली बिक्री की स्थिति में कार्रवाई करने के लिए दो नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। लेकिन यहां पर किसी भी अधिकारी की कोई जवाबदारी दिखाई नहीं दे रही है। इसी तरह से ग्राम पंचायत समनापुर के पास विस्थापित ग्राम में भी मुख्य मार्ग पर ही खुलेआम मांस बेचा जा रहा है। वहीं इस मामले में एसडीओपी कल्याणी बरकड़े ने बताया कि आपके माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है वह शीघ्र ही मामले की जांच करवाकर कार्रवाई करेंगे।

## नर्मदा महापुराण का आयोजन कल से

**माखन नगर।** संगीतमय श्री नर्मदा महापुराण कथा का आयोजन रविवार 24 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है रविवार को आवास कॉलोनी दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी जो कथा स्थल पर पहुंचेगी नर्मदा महापुराण कथा 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक कथा वाचक पुरुषोत्तम दास शास्त्री पिपरिया वाले प्रतिदिन दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक भक्तजनों को कथा श्रवण कराएंगे। कथा का आयोजन श्री परशुराम मंगल भवन पटेल मोहल्ला में किया जा रहा है आयोजन वन विभाग की सेवा निवृत रेंज ऑफिसर रामेश्वर प्रसाद मालवीय राजेश कुमार एवं राजकुमार मालवीय द्वारा किया जा रहा है। आयोजको समस्त धर्म प्रेमियों को कथा श्रवण करने के लिए आमंत्रित किया है।

## शिविर में वितरित किए गए उपकरण

**पिपरिया।** शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में दिव्यांगों को उपकरण वितरण करने के लिए विकास खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य एनके राज ने बताया कि दिव्यांग छात्र-छात्राओं को साइकिल, छड़ी, चश्मा एवं अनेकों प्रकार की सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष बलराम सिंह ठाकुर, विशेष अतिथि जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय, पुरुषोत्तम रघुवंशी, प्रशांत रघुवंशी, देवेंद्र तिवारी, वीआरसी प्रदीप शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहे।

# पचमढ़ी में 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होंगी अनेक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में नए वर्ष के आगाज पर पर्यटकों को नया अनुभव और रोमांच देने के लिए 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में पचमढ़ी उत्सव के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पचमढ़ी उत्सव के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों की सभी सुसंगत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पचमढ़ी महोत्सव कार्यक्रम पचमढ़ी में 29 जनवरी से 1 जनवरी तक मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया है कि 30 दिसम्बर को शाम 6.30 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। शुभारंभ पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति रात्रि 7 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में ही आयोजित किये जायेंगे। 29 से 31 दिसम्बर तक शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक पारम्परिक एवं आर्गेनिक फूड फेस्टिवल की हाटबाजार पचमढ़ी में ही व्यवस्था रहेगी। इसी अवधि में अर्थात 29 से 31 दिसम्बर तक हाईस्कूल ग्राउंड पचमढ़ी में रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक स्टार गेजिंग, 30 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से पचमढ़ी रन का आयोजन हाईस्कूल ग्राउंड से प्रारंभ किया जाएगा, पचमढ़ी रन बस स्टेंड, ओल्ड होटल तिराहा रीछगढ़रोड, धूपगढ़चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जय स्तंभ हाटबाजार पचमढ़ी तक आयोजित होगी। 30 दिसम्बर को माढ़ादेव पचमढ़ी रोड धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जयस्तंभ हाटबाजार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रॉक आर्ट पेंटिग वॉक का, शासकीय पोलो उद्यान पचमढ़ी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बर्ड वाचिंग पोलो गार्डन ट्रेल का, 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक चंपक लेक के पास से फुटहिल रोड तक नेचर वॉक, इसी अवधि अर्थात 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में योगा, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक संगम जल प्रपात एवं चौरागढ़ पचमढ़ी में ट्रेकिंग, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बायसन लॉज जयस्तंभ राजभवन चर्च में हैरिटेज वॉक, 30 दिसम्बर को हाटबाजार पचमढ़ी में शाम 6.45 बजे से आर्मी बेंड की प्रस्तुति दी जाएगी।

# नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष के साथ भाजपाइयों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर

भाजयुमो मंडल शोभापुर द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक रखी गई। युवा मोर्चा में हाल ही में परिवर्तन करते हुए नए अध्यक्ष का गठन करते हुए सुदीप दुबे को महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई थी। ताजपोशी के बाद यह पहली अहम बैठक दुबे निवास के सामने हनुमान मंदिर में की गई है। बैठक आगामी लोक सभा चुनावों को लेकर आयोजित हुई। जिसमे पदाधिकारियों को उनकी जवाबदारियों से अवगत कराते हुए अहम बिंदुओ पर ध्यान देने की बात कही गई। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता मंडल महामंत्री शरद दुबे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुदीप दुबे, मंडल महामंत्री केशव पटेल , भरत रघुवंशी भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी ललित साहू, कृष्णा पटेल सहित समस्त मंडल के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में शुक्रवार को भारत के महान गणितज्ञ और गणित के जादूगर श्री श्रीनिवास रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाई गई। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 21 और 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचार परिषद और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के तत्वावधान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ नीता चौबे द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। छात्राओं में प्रिया मालवीय, भूमि ठाकुर और खुश्बू अहिरवार द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के समक्ष गणित विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में गणित विभागाध्यक्ष एवम प्राध्यापक डॉ रश्मि तिवारी शासकीय एमजीएम कॉलेज इटारसी तथा दीपा सारस्वत शिक्षक सीएम राइज़, शासकीय उत्कृष्ट उमावि माखनगर उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों का स्वागत प्राचार्या महोदया और वरिष्ठ प्राध्यापक एवम नोडल अधिकारी आरके चौकीकर द्वारा किया गया। प्राचार्या का स्वागत डॉ सुमन अवस्थी द्वारा किया गया। अपने व्याख्यान में डॉ रश्मि तिवारी ने देश के महान गणितज्ञों के बारे में जानकारी प्रस्तुत करते हुए बताया कि जीवन मे गणित की कितनी उपयोगिता है। दीपा सारस्वत ने भी विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन के जीवन से जुड़ी कई रहस्यमयी और रोचक घटनाओं का ज़िक्रि किया। प्राचार्य डॉ नीता चौबे ने भी विद्यार्थियों को बताया कि गणित विषय भयभीत करता है किंतु बेहद रोचक और सरल होता है। राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विविध प्रकार की गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जिसका लक्ष्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति जागरूकता बढ़ाना ,गणितीय क्षमता का विकास एवं वैश्विक स्तर पर भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को समझना था।

# टूर्नामेंट में मटकुली विजेता और चौराहेट रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



देवी धाम बंदी छोड़ पिपरिया में टूर्नामेंट आयोजित हुआ। टूर्नामेंट निर्विवाद रूप से पिछले 15 दिनों से स्थानीय लोगो के आयोजन में सफल रूप से चलता हुआ कल फाइनल मोड़ पर आया। फाइनल मैच के पहले मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सुरेश पटेल (भाई शाहब) , भगवान सिंह पटेल बमारी ने खिलाड़ियों से हांथ मिलाकर उनकी हौसला अफजाई करते हुए उन्हें शुभ कामनाएं प्रदान की। फाइनल मुकाबला मटकुली और चौराहेट के बीच हुआ। कड़े मुकाबले में मटकुली ने चौराहेट को पटखनी देते हुए खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। मटकुली को विजेता की ट्राफी सुरेश पटेल, भगवान सिंह पटेल और आयोजन समिति द्वारा प्रदान की गई।

# सामाजिक एवं राजनैतिक अधिकार पर युवा संसद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शुक्रवार को परियोजना माखन नगर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला स्तरीय एक्शन प्लान एवं माइक्रो प्लान अंतर्गत माह दिसंबर 2023 की गतिविधियों में महिलाओं एवं बालिकाओं के आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक अधिकारों पर चर्चा एवं जागरूकता कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुषमा पिपरे, प्रभारी प्रिंसिपल सपना गौर, प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी कमलेश, पर्यवेक्षक विनीता मालवीय, प्रीति वर्मा और अन्य शिक्षका गण उपस्थित रहे। शाला की 9वी, 10वीं, 11वीं, 12वीं की बालिकाओं ने भाग लिया। महिला अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पढ़ाई शिक्षा सुरक्षा का अधिकार अभिव्यक्ति का अधिकार और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई। एक अन्य कार्यक्रम लिंग समानता आधारित युवा संसद का आयोजन भी जिसमें शिविर का आयोजन कर बोल सभाओं लिंग समानता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# आइडिया पोर्टल के संबंध में परिचर्चा का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ राकेश वर्मा के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल के संबंध में परिचर्चा आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एसके महारानी परिचर्चा में भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढरण बनाने के लिए सभी भारतीयों के साथ मिलकर सहभागिता करने की बात कही। दो आईजी पटेल ने सुशासन एवं सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए संविधान के नियमों के पालन के महत्व के बारे में बताया नैतिक मूल्य और आधारभूत संरचना से विकसित भारत की संकल्पना को पाने की बात कही। डॉ एलएन मालवीय,डॉ सुनील कुमार, अंबिका सिंह, प्रोफेसर विकास सिंह, डॉ रश्मि पटेल, डॉ अनिता सैनी आदि अपने अपने विचार रखे। इस दौरान परिचर्चा में प्रोफेसर किटी मोर, प्रोफेसर महेंद्र चौकसे, इमरान खान, अरुण मोटा, अरुण सिंह, प्रीति राजपूत, आशा तिवारी, रश्मि अहिरवार, गिरिराज गोदानी, नंदलाल अहिरवार आदि मौजूद रहे।

# किया गया वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल का सम्मान



**सोहागपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय में डॉ. अरविंद सिंह चौहान स्मृति साहित्य अलंकरण, प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अरुण पटेल को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इस वर्ष से महाविद्यालय के ही किसी छात्र को बुलाने का निर्णय किया गया था और अरुण पटेल 2 वर्ष तक महाविद्यालय के छात्रसंघ के महासचिव तथा महाविद्यालय की छात्रसंघ की प्रथम स्मारिका और रजत जयंती स्मारिका के प्रधान संपादक रहे हैं। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा तथा साहित्यकार सुरेश पटवा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ अरविन्द सिंह चौहान पत्रकारिता सम्मान वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे को प्रदान किया गया। साहित्यकार प्रो. अखिलेश राव इंदौर एवं वरिष्ठ कवि नारायण श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

# किसान हो रहे परेशान, व्यापारियों पर हो रहा मंडी प्रशासन मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर की कृषि उपज मंडी में काफी अनियमितताएं देखने में आ रही हैं एक और किसानो की सुविधा के लिए बनाए गए किसान भवन में लंबे अरसे से व्यापारियों के मजदूरों ने डेरा जमा रखा है। वहीं दूसरी ओर किसानों के अनाज रखने वाले टीन शैडो में व्यापारियों का तुला हुआ माल रखा रहता है। जिससे क्षेत्र के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है एवं किसानों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं से अनविज्ञ रखा जाता है एवं उनकी सहायता करने में प्रशासनिक अधिकारी भी कन्नी काटते हैं इस संबंध में मंडी समिति की सचिव हेमवती कवरेती से बात करने पर उन्होंने बताया कि सर्दी अधिक पड़ रही थी मजदूरो के रहने के लिए कोई उचित स्थान नहीं था मजदूर वापस जा रहे थे। यदि मजदूर वापस चले जाते तो किसानों का अनाज तोलने की समस्या खड़ी हो जाती इसलिए अनुविभागी अधिकारी महोदय से बात करके उनकी मौखिक अनुमति प्राप्त कर मजदूरों को किसान भवन में ठहरने के लिए बोल दिया गया है। वहीं टीन शैडो में मौसम खराब होने एवं परिवहन की पर्याप्त सुविधा नहीं होने के कारण अनाज रखा गया है जैसे जल्द ही व्यापारियों द्वारा उठवा लिया जाएगा।

### महावीर, विल्स, बिरसा मुंडा, केसीसी और अखंड भारत ने जीते मैच

# क्वार्टर फाइनल में देखने मिलेगी जोरदार टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति द्वारा आयोजित आचार्य चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला ही मैच बिना खेले भारतीय क्लब ने दो अंक हासिल कर लिए। टीम का मैच संत शिरोमणि क्लब से था जो समय से मैदान पर नहीं पहुंची और भारतीय क्लब को बाय देकर दो अंक प्रदान कर दिये। प्रतियोगिता का दूसरा मैच रोमांचक रहा। लगातार बदलते परिदृश्य में आखिरकार महावीर क्लब को संत रविदास क्लब पर 5 रनों की जीत मिली। महावीर क्लब ने 78 रन बनाये थे, जवाब में संत रविदास क्लब 73 रन ही बना सकी। महावीर क्लब के शोभित जैन 20 गेंद पर 40 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट भी लिये। तीसरा मैच बाल्मीकि क्लब और विल्स क्लब के मध्य खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए बाल्मीकि क्लब ने 75 रन बनाये। विल्स क्लब ने 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के आकाश यादव 10 गेंद 15 और 4 विकेट लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। चौथा मैच बिरसा मुंडा इलेवन और चाणक्य इलेवन के मध्य खेला गया। बिरसा मुंडा ने 8 ओवर में 80 रन बनाये लेकिन चाणक्य इलेवन केवल 71 रन ही बना सकी। बिरसा मुंडा के विपुल को 23 गेंद पर 35 रन और दो विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना। पांचवा मैच गुर्जर क्लब और केसीसी क्लब के मध्य खेला गया। गुर्जर क्लब ने पहले खेलते हुए 81 रन बनाये। जवाब में केसीसी ने लक्ष्य हासिल कर 6 विकेट से मैच जीत लिया। 11 गेंद पर 18 रन तथा 3 विकेट लेकर सन्नी मैन ऑफ द मैच रहे। अंतिम मैच अखंड भारत निर्माता और बी बॉयज क्लब के मध्य खेला गया। इसे अखंड भारत निर्माता ने 7 विकेट से जीता। 20 गेंद पर 40 रन बनाकर सौरभ चौधरी मैन ऑफ द मैच रहे। आंखों देखा हाल राकेश पांडेय ने सुनाया, स्कोरर मोहित वलेचानी और इमरान रहे तथा अम्पायर कुलदीप रघुवंशी, उत्तम खाड़े, हरीश हनोतिया थे। आज सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी, अनिल मिहानी, अनिल राठी, पार्षद राहुल प्रधान, संजीव अग्रवाल, रोहित सक्सेना, दिनेश उपाध्याय, नीतेश ठाकुर जवाहर राजपूत सहित करणी सेना के सदस्य बतौर अतिथि मौजूद रहे।

## किसानों को ड्रोन से लिक्विड यूरिया, छांछ व कीटनाशक छिड़काव की जानकारी दी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसानों ने ड्रोन से चना व गेहूं फसल में छिड़काव करते देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन




केंद्र सरकार की उपलब्धियों को लेकर 40 दिन की विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर राजपुरा व नंदगांव बगुद गांव पहुंची। यहां किसानों को ड्रोन से कीटनाशक व लिक्विड खाद का छिड़काव समझाया गया। स्थानीय गांव व राजपुरा भट्ठयाण खुर्द सहित शिविर में आसपास के गांवों से आए किसानों ने ड्रोन से चना व गेहूं फसल में छिड़काव करते देखा और यहां लगे शिविर में जानकारी ली। उपसंचालक कृषि एमएल चौहान ने कहा कि जिले में सिंचाई रकबे के साथ खेती का क्षेत्रफल भी बढ़ा है। सही समय पर कीटनाशक व खाद छिड़काव खेती की मांग है। ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि मजदूरों का अभाव बना हुआ है। खेती का प्रबंधन मुश्किल हो जाता जा रहा है। इसे देखते हुए ड्रोन से छिड़काव की जानकारी दी जा रही है।

### किसानों को दी जानकारी

शिविर के दौरान किसानों को ड्रोन से लिक्विड यूरिया, छांछ व कीटनाशक छिड़काव की जानकारी दी गई। लिक्विड यूरिया के फायदे बताए गए कि एक झोले में 50 एकड़ रकबे का खाद आ जाता है। भंडारण में जगह नहीं लगती। इफको अफसरों ने बताया एक पंप पर 25 एमएम के दो तीन ढक्कन यूरिया ले सकते हैं। 1 एकड़ में 500 मल लिक्विड यूरिया पर्याप्त है।

### एजेंसी कराएगी किराए पर उपलब्ध

कृषि विभाग के मुताबिक शासन स्तर पर एजेंसी के माध्यम से शीघ्र जिले में किराए के ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे किसान आसानी से फसल में छिड़काव कर सके। इसके लिए तकनीक रूप से किसानों को तैयार कर रहे है। जिले की डिमांड भेजी जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में तकनीकी खेती के प्रदर्शन के लिए कृषि विभाग ने केंद्र सरकार से जिले के सभी 9 ब्लॉक में प्रदर्शन के लिए 9 ड्रोन की मांग की थी। लेकिन सिर्फ दो ही उपलब्ध हो पाए हैं। पिछले 2 दिन से एक ड्रोन में तकनीकी खराबी आ गई थी। सुधार बाद अब दोनों ड्रोन चल रहे हैं। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा में 10 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन किया जा चुका है।

## गांव-गांव में जारी है संकल्प यात्रा, ग्रामीण कर रहे स्वागत

*हरदा। शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायत कायागांव, झाड़पा नवीन, सामरधा, जामुखो, गोमगांव व आमाखाल गांवों में पहुँचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान ग्राम गोमगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारम्भ की गई है। इस यात्रा के तहत भारत सरकार से प्राप्त प्रचार वाहन आगामी 26 जनवरी तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों का दौरा करेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम कायागांव, झाड़पा नवीन, सामरधा, जामुखो, गोमगांव व आमाखाल में विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन प्रचार वाहन में लगे एलइडी टीवी के माध्यम से किया गया। इन गांवों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गये। ग्राम झाड़पा, जामुखो व कायागांव में स्वाइल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किये गये तथा किसानों को मिट्टी परीक्षण कराने के लिये मिट्टी का सैंपल लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया और उन्हें मिट्टी परीक्षण कराने के लाभ के बारे में समझाया गया। कृषि विभाग द्वारा इस दौरान ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया छिड़काव प्रक्रिया का प्रदर्शन किसानों के बीच किया गया। गांव के प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती अपनाने के बाद उन्हें हुए लाभ के संबंध में अपने अनुभव सुनाए और अन्य किसानों से अपील की कि वे भी प्राकृतिक व जैविक खेती अपनाएं। कायागांव में संकल्प यात्रा का प्रचार वाहन पहुंचने पर कलश यात्रा आयोजित की गई। ग्राम जामुखो में स्वच्छ भारत मिशन के हितग्राहियों को अभिनन्दन पत्र प्रदान किए गए।*

## 7 सदस्यों को हथियारों के साथ पकड़ा

# मंडलेश्वर पुलिस के हत्थे चढ़ा दाहोद गुजरात का चड्डी गैंग



खरगोन। जिले सहित देश के कई राज्यों के बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने वाला दाहोद का चड्डी बनियान गैंग के नाम से कुख्यात बदमाशों का गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। मंडलेश्वर थाना पुलिस ने गैंग के 7 सदस्यों को हथियारो के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में बड़वाह थानाक्षेत्र के तीन प्रतिष्ठानों पर हुई चोरियों का खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि गैंग सदस्य किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नियत से निकले थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनके कब्जे से तलाशी में 2 पिस्टल मय जिंदा कारतूस व अन्य हथियार, 7 मोबाइल सहित 1 मारुति ईको कार भी जप्त की गई है।

शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी धर्मवीर सिंह ने कहा कि गुरुवार को थाना मंडलेश्वर पर मुखबिर से सूचना मिली थी कि पीएचई रोड फिल्टर प्लांट ग्राम छोटी खरगोन के पास पहुंची। यहां सुनसान जगह में खड़ी गुजरात पासिंग मारुति ईको गाडी जीजे- 20 एक्यू 9360 को देखा गया। इसमें 06. 07 अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति बहुत देर से बैठे थे। टीम का एक पुलिसकर्मी सादी वर्दी में कार के पास पहुंचा, बदमाश आपस में लूट की वारदातों के संबध में बातचीत कर रहे थे। इस पर पुलिसकर्मी ने ईशारा किया जिसके बाद टीम के अन्य सदस्य वेन के पास पहुंचे और घेराबंदी कर वेन में सवार सदस्यो को हिरासत मे लिया। आरोपियों के कब्जे से 2 अवैध पिस्टलए 4 जिंदा राउन्ड, लोहे की टामी, लाठी डंडे बरामद हुए। इन्हें गिरफ्तार कार कार को कब्जे में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में मास्टरमाइंड देवला खरगोन की सोनम जिनिग में हुई चोरी में भी शामिल था।

### लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के बारे में छात्राओं को बताया

हरदा। मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवा के तहत शुक्रवार को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के संबंध में शासकीय कन्या शाला खिरकिया की छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास खिरकिया कविता चौधरी व प्रभारी परियोजना अधिकारी सरिता मासरे ने बच्चों को गुड टच बेड टच तथा चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के बारे में बताया।

## युवती गंभीर घायल, इंदौर रेफर

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



खरगोन। शुक्रवार को 11:30 बजे के करीब जिले नेशनल हाईवे 347 सी इंदौर खरगोन मुख्य मार्ग पर कसरावद तहसील के ग्राम भीलगांव और अरिहंत नगर के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक का सर फटने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे मोटरसाइकिल पर बैठी युवती भी गंभीर रूप से घायल हुई। दोनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जंहा युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर। लड़की को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया। प्रत्यदर्शी लोगों के अनुसार बाइक चालक भीलगांव की ओर से कसरावद की ओर जा रहा था इस दौरान कसरावद से भीलगांव की ओर तेज गति से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।और भाग निकला जिसमें बाइक पर सवार युवक अरविंद पिता मुकेश निहाल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम रेगवा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं बाइक पर बैठी युवती रोशनी महादेव पटेल गंभीर रूप से घायल हुई जिसे 108 की मदद से कसरावद अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रेफर कर दिया।

## नहरों का ओसराबंदी कार्यक्रम जारी

हरदा। सोनतलाई उपनहर के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि रबी सिंचाई वर्ष 2023-24 के तहत सोनतलाई नहर के माध्यम से खेतों में सिंचाई के लिए जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू बनाने और अंतिम छोर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के उद्देश्य से ओसराबंदी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि डगावाशंकर, लालपुरा, अमरापुर, छुरीखाल, लाल माटी, रोलगांव एवं खामा उपशाखा नहरों में 22 दिसंबर शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक प्रतिदिन 12 घंटे सायफन पंप एवं नहर की सभी उपशाखा बंद रहेंगी। इसी प्रकार 23 दिसंबर सुबह 6 बजे से रविवार 24 दिसंबर को शाम 6 बजे तक सायफन पंप एवं नहर की सभी उपशाखा बंद रहेंगी। इसके अलावा सोनतलाई उपशाखा के 1 एल, 2 एल, 2 आर, 2 आरए, 3 आर, 3 आरए नहर प्रणाली तथा झांझरी माईनर की 4 आर, 9 आर, 6 एलबी व 10 एल नहर प्रणाली 22 दिसंबर शाम 5 बजे से सुबह 5 बजे तक प्रतिदिन 12 घंटे बंद रहेगी।

# सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस ने जताया विरोध



हरदा। संसद के 142 सदस्यों को निलंबित किए जाने के विरोध में शुक्रवार को शहर के घंटाघर चौक पर कांग्रेस ने मौन धरना दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटेल ने बताया कि सांसदों के निलंबित की घटना को लोकतंत्र के विरुद्ध मानते हुए देश में प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार भारी संख्या में विपक्ष के सांसदों का निलंबन लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा है। सरकार से सवाल पूछने पर सरकार सांसदों को निलंबित कर देती है। संसदीय लोकतंत्र में ऐसा करना लोकतंत्र की हत्या के बराबर है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी के भ्रष्टाचार जनविरोधी नीतियों व लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या के खिलाफ एकजुट है। इसी को लेकर पीसीसी के निर्देश पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटाघर चौक पर मौन धारण कर सांसदों के निलंबन का विरोध जताया है। गौरतलब है कि संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्रवाई सुचारु रूप से चले इसलिए 142 के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

# बहू को बेटी कहकर पुकारो घर के झगड़े शांत हो जाएंगे : राजेंद्रानंद महाराज



हरदा। रेवापुर गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को हरिद्वार से आए प्रसिद्ध कथा वाचक राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिए ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य होना जरूरी नहीं है। भगवान के हो जाओ तो भगवान को पा लोगे। क्या भगवान विद्वान को मिलते हैं ऐसा कहां लिखा है। ध्रुवजी ने कौन सी पढ़ाई की थी, लेकिन उनके भगवान मिले। अगर भगवान बुढापे में मिलते तो मेरे प्रहलाजी कौन से बुढे हो गए थे। ऐसा कुछ नहीं है। भगवान की भक्ति किसी भी स्थिति और उम्र में की जा सकती है। भगवान तो कभी भी पा सकते हैं, बस हमें भक्ति करनी होगी।

अगर हमारे बोलने से हमारे परिवार और घर में अशांति पैदा होती है तो हमें चुप रहना चाहिए। क्योंकि जियो और जीने दो यही सबसे बेहतर है। हमारी जन्मभूमि हमारे लिए स्वर्ग से बेहतर है। इसलिए हमारी जन्मभूमि हमारे लि सर्वश्रेष्ठ होनी चाहिए। हमारी कोशिश रहना चाहिए कि हमारे कारण हमारी जन्मभूमि पर अशांति नहीं होनी चाहिए। अपने घर को लड़ाई का अखाड़ा मत बनाओ। अपने घर को प्यार और शांति का घर बनाओ ताकि सभी आपस में शांति से रह सके। कथा वाचक राजेंद्रानंद महाराज ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि जिस तरह तुम अपनी बेटी को दिन में चार बार बेटी कहकर पुकारती हो उसी तरह अपनी बहू को भी चार बार बेटी कहकर देखो अपने घर में झगड़े सब शांत हो जाएंगे। जिनके परिवार में परोपकारी जीव रहे हैं या दान पुण्य करने वाले माता-पिता या दादा-दादी रहने हैं उनके बच्चों में कभी अहंकार नहीं आ सकता। मेरे युवा साथियों और बहनों भजन करने की कोई आयु नहीं होती है।

## संतश्री लक्ष्मण चैतन्य बापू की 14वीं पुण्यतिथि 25 को

झिरन्या। सीमावर्ती श्री वृंदावन धाम आश्रम कस्बा पाल (महाराष्ट्र) में ब्रह्मलीन संतश्री लक्ष्मण चैतन्य बापू की 14वीं पुण्यतिथि और श्री हरिहर मंदिर स्थापना दिवस 25 दिसंबर को विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। जिसमें देश के प्रमुख संत, महंत और महामंडलेश्वर आ रहे हैं। यह आयोजन संत श्री गोपाल चैतन्य महाराज के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रांतों से चैतन्य परिवार के साधक और श्रद्धालु गण शामिल होंगे।

## मरीजों के साथ मधुर व्यवहार करें

# सीएमएचओ ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण



खंडवा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोराडीमाल, चिचगोहन, सुलगांव का निरीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि नियमित रुप से अस्पताल की साफ-सफाई व मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों के साथ मधुर व्यवहार करें। इसी क्रम में ग्राम कालमुखी में एएनएम द्वारा लगाये जा रहे बच्चों के टीकाकरण केन्द्र का भी निरीक्षण कर उपस्थित परिजनों से चर्चा कर टीकाकरण की जानकारी ली गई।

सीएमएचओ डॉ. जुगतावत ने एएनएम को निर्देश दिए कि कोई भी गर्भवती महिला छूटे नहीं उनका शीघ्र पंजीयन कर आवश्यक जांचे की जाए और उनकी अनमोल एप में एंट्री भी की जाए।

# भोपाल से खंडवा लौटते समय जंगल में लगी आग को विधायक ने बुझाया



खंडवा। मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रथम सत्र में सम्मिलित होकर परिजनों और स्टाफ के साथ शुक्रवार प्रातः भोपाल से खंडवा लौट रही खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने रास्ते में पड़ने वाले जंगल में एक स्थान पर आग जलती हुई देखकर अपनी गाड़ी रुकवाई और अपने परिजनों एवं स्टाफ के साथ मिलकर पलाश के पत्तों की मदद से आग को बुझाया। भोपाल से खंडवा आते समय प्रातः लगभग 7:30 बजे देवास जिले के अंतर्गत आष्टा से कन्नौद के बीच पड़ने वाले मार्ग पर स्थित सिया चौकी क्षेत्र में सड़क किनारे जंगल में आग लगी हुई थी। जिसे देखते ही विधायक तनवे ने अपनी गाड़ी रुकवा कर आग बुझा कर अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन किया।

तनवे ने कहा की वे जिस पलसूद माल गांव में जन्मी है वहां पास ही में जंगल लगा हुआ था और बचपन से युवावस्था तक कई बार जंगल में आग लगने पर ग्रामीणों को आग बुझाने जाते हुवे देखा था जिसे याद करते हुवे उन्होंने जंगल में मौजूद पलाश के छोटे पौधों की डालियां तोड़कर उनकी मदद से आग बुझा कर जंगल में फैलने से रोका इस दौरान उनके साथ उनके पति वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश तनवे, देवर राकेश तनवे, निज सहायक देवेंद्र माणिक वाहन चालक राजा कनाडे ने भी आग बुझाने में मदद की।

# सुशासन दिवस पर कर्मचारियों ने ली सुशासन संबंधी शपथ



खंडवा। अपर कलेक्टर के.आर. बड़ोले ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। इसी प्रकार जिले के विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय में सुशासन दिवस की शपथ ली। इसके अलावा श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. राकेश रेवारी की अध्यक्षता में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने एवं शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केंद्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहने, प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई गई। शपथ का वाचन संतोष मोखले सहायक अधीक्षक द्वारा किया गया।

## ग्राम पीपल्या में चल रही श्रीराम कथा

# बोलना क्या नहीं बोलना यह सारी जिंदगी नहीं सीख पाते : नीलम



सिराली। ग्राम पीपल्या में चल रही सार्वजनिक श्रीराम कथा के पांचवे दिन शुक्रवार को चित्रकूट की साध्वी नीलम गायत्री ने बोलने की विधा के बारे में बताया। इन्होंने कहा कि बोलना तो दो वर्ष की उम्र में सीख जाते हैं, लेकिन क्या बोलना है क्या नही यह सारी उम्र नही सीख पाते। अंग्रेजी बोलना सरल है, संस्कृत बोलना सरल है, हिंदी बोलना सरल है लेकिन क्या बोलना है यह बहुत कठिन है। चार भाषा बोलना मत सीखो लेकिन क्या बोलना है यह सीखना आवश्यक है। वाणी में कोई वजन तो नही होता लेकिन विरले लोग ही इसे संभाल पाते है। जिसकी जुबान फिसली उसकी जिंदगी फिसल गई गई। और जिसने जुबान संभाल ली उसकी जिंदगी संभल गई। बोलने वालों की कीर्ति नही होती। सुनने वालों की कीर्ति हुआ करती है। प्रतिदिन रात्रि कार्यक्रम में स्थानीय श्री नवयुवक रामलीला मंडल द्वारा भी सचित्र संगीतमय रामलीला का मंचन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह शाम रामकथा एवं रामलीला मंचन देखने सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं।

## कार्यकर्ता गीता जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मनाते आ रहे

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का गीता जयंती पर निकला शौर्य संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की कसरावद प्रखंड इकाई द्वारा गीता जयंती पर शुक्रवार सुबह पूरे प्रांत के आव्हान पर नगर परिषद प्रांगण से शौर्य संचलन निकाला गया। जिसमें बजरंग दल के कार्यकर्ता पूर्ण गणवेश में नजर आए। शौर्य संचलन नगर परिषद प्रांगण से शुरू हुआ जो विजय स्तंभ चौराहा से छोटा नाका होकर कुशवाह मोहल्ला, यादव मोहल्ला से पाटीदार मोहल्ला होते हुए भवानी माता मंदिर से वापस नियत स्थान पर पहुंचा। मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद खरगोन विभाग के विभाग मंत्री मनोज वर्मा ने चित्रपर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया।

प्रखंड मंत्री दीपक कुशवाह ने बताया कि गीता जयंती के दिन 1992 में कारसेवा की गई थी उस समय से बजरंग दल के कार्यकर्ता गीता जयंती को सौर्य दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या जी मे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का मंदिर बनकर तैयार हो गया है 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हर गाँव और हर गली राममय होकर, अयोध्या बन रही है। देशभर के लाखों युवा विहिप और बजरंग दल के साथ जुड़े हैं। उन युवा शक्ति को राष्ट्रधर्म के कार्यों से जोड़ने के लिए इस बार एक ही दिन पूरे देश में शोर्य संचलन निकाला गया है। इस दौरान कार्यक्रम में जिला सह मंत्री अनुराग पटेल, बजरंग दल जिला सह संयोजक विजय वर्मा प्रखंड अध्यक्ष पंडित अभिषेक रावल, प्रखंड उपाध्यक्ष संदीप प्रजापत, बजरंग दल प्रखंड संयोजक रणजीत मंडलोई ,प्रखंड गौ रक्षा प्रमुखअमित पटेल प्रखंड सेवा प्रमुख लक्की मालाकार सहित प्रखंड स्तर के पद अधिकारी एवं बजरंग दल कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई शपथ

हरदा। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 23 व 24 दिसम्बर को अवकाश होने से शुक्रवार को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आशीष खरे और संजीव नागू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

**सूचना**

**विजयनगर वार्ड नं. 32 शहीद दीपसिंह चौहान वार्ड, छीपानेर रोड तहसील हरदा जि. हरदा (मप्र)**
**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु (ई. डब्लयू. एस./ एल.आई.जी) आरक्षित भूखण्ड के आवंटन के संबंध में सूचना**

मध्य प्रदेश नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते) नियम 1998 के प्रावधानों के तहत हमारे द्वारा हरदा खुर्द पटवारी हल्का नं. 06 एवं हरदा खास पटवारी हल्का नं. 10 शहीद दीप सिंह चौहान वार्ड नं.32 विजय नगर छीपानेर रोड़ से अंदर तहसील हरदा जि. हरदा को भूमि सर्वे क्रमांक 63/4 एवं 63/10 कुल रकबा 2.643 हेक्टेयर हरदा खुर्द भूमि पर विकसित कालोनी विजय नगर में समाज के निम्न आय वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आवासीय भूखण्ड विक्रय/ आवंटन नियम के निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाना है। इस हेतु उपरोक्त भूखण्ड के आवंटन/विक्रम हेतु पात्र व्यक्तियों से आवेदन निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं।

**पात्रता की शर्त**

1. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र) 2. आवेदक की वार्षिक आय आर्थिक रूप से कमजोर तथा निम्न आय वर्ग की श्रेणी में होना आवश्यक है (सक्षम राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी वार्षिक आय प्रमाण पत्र) 3. भूखण्ड के पंजीयन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रपत्र एवं शर्त रुपये 1000/- नगद जमा कराकर विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में निम्न हस्ताक्षरकर्ता कार्यालय से प्राप्त कर जमा किये जा सकेंगें। 4. कोई भी आवेदन पत्र स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार श्रीमान कलेक्टर महोदय हरदा का होगा। इसका कोई कारण नहीं दर्शाया जायेगा 5. भूखण्डो का आवंटन लाटरी के आधार पर किया जायेगा। 6. आवेदक/आवेदिका के परिवार का कोई भवन मध्यप्रदेश में नहीं है।
इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

**आवेदन जमा करने का स्थान :- श्रीहरिकृष्णा होंडा, इन्दौर रोड हरदा जिला हरदा (म.प्र.) मोबाईल नं. 9340567771**